# न्यायिक अकादमी झारखण्ड,
# धुर्वा, रांची - ८३४००४

1. न्यायिक अकादमी झारखण्ड, धुर्वा, रांची कार्यालय में चालक हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है ।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है:-

| **क्रम संख्या** | **पदनाम** | **रिक्त पदों की संख्या( श्रेणी अनुसार)** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **सामान्य** | **अनुसूचित जाती** | **अनुसूचित जनजाति** | **पिछड़ा वर्ग(अनुसूची - २)** | **पिछड़ा वर्ग( अनुसूची - १)** | **आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग** | **कुल रिक्त पद** |
| 1. | चालक | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |

3. शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान

| **क्रम संख्या** | **पदनाम** | **वेतनमान** | **योग्यता** | **भर्ती का तरीका** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चालक | 19,900-63,200/- रु लेवल - २ | दसवीं पास/ मेट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष तथा LMV एवं HMV का लाइसेंस धारक होना चाहिए एवं वाहन चलाने का 05 वर्ष का अनुभव | ड्राइविंग रूलस के अनुसार स्क्रीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो।
5. अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग (PwBD) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा मान्य एवं निर्धारित अद्यतन आरक्षण नियम लागू होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवार का आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।
6. सरकारी नियमानुसार पद आरक्षित है।
7. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 10/03/2026 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरुष/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए

(उम्मीदवारों की उम्र सीमा एवं आरक्षण की सुविधा झारखण्ड राज्य द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार होगी तथा आवेदक की सेवा शर्त CIVIL COURTS RULES OF HIGH COURT OF JHARKHAND AND THE JUDICIAL ACADEMY JHARKHAND OFFICERS AND STAFF(APPOINTMENT AND CONDITIONS OF SERVICE) RULES, 2023 नियमावली के अनुसार होगी।

8. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
9. उम्मीदवार अपना स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र देवनागरी लिपि में प्रशासी पदाधिकारी, न्यायिक अकादमी झारखण्ड, धुर्वा, रांची को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14/04/2026 के अंदर तक स्वयं या निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यदिवस को प्रातः १०:३० बजे से शाम ५:०० बजे तक जमा कर सकते है। उपरोक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेगें।
10. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ 3 अद्यतन पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर, दूसरा प्रवेश पत्र पर सटा रहना चाहिए एवं तीसरा अतिरिक्त होगा। स्व पता लिखा लिफाफा 25 से.मी. x 11 से.मी. (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) जिसपर 50/-रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन-पत्र के साथ संलग्न हो।

11. महत्वपूर्ण निर्देश :-

i. आवेदन पत्र के प्रपत्र 'क' एवं 'ख' के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र 'क' के प्रारूप को हिंदी में भरें जो स्वहस्तलिखित एवं स्वहस्ताक्षरित हो। आवेदक प्रपत्र 'ख' को स्वहस्तलिखित प्रति में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र 'ख' की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़कर अन्य कण्डिकाएँ आवेदक स्वयं भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप न्यायिक अकादमी झारखण्ड, धुर्वा, रांची की वेबसाइट **www.jajharkhand.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

ii. आवेदकों को न्यायिक अकादमी झारखण्ड, धुर्वा, रांची में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

iii. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

iv. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।

v. आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगा, उनके दर्शाये गए पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।

vi. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।

vii. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े-बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।

viii. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ix. परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

x. उपरोक्त पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।

xi. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट या हाथों हाथ)

सेवा में,

प्रशासी पदाधिकारी,
न्यायिक अकादमी झारखण्ड,
धुर्वा, रांची, पिन कोड 834004

हस्ताक्षर

निदेशक,
न्यायिक अकादमी झारखण्ड,
धुर्वा, रांची, पिन कोड 834004

## आवेदन-पत्र का प्रारूप (क)
## स्व-हस्तलिखित आवेदन-पत्र निम्नलिखित प्रपत्र में निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हांथो हाँथ भेजें:

राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकर का फोटो चिपकाएं

पदनाम : ____________________________

1. आवेदक का नाम

(क) हिंदी में : _________________________________________________

(ख) अंग्रेज़ी में (बड़े अक्षरों में) : ____________________________________

2. पिता / पति का नाम ________________________________________________

3. जन्म तिथि ________________________________________________________

(प्रमाण-पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

4. दिनांक 10/03/2026 को आवेदक की आयु : _______ वर्ष ________ महीना ________ दिन

5. स्थायी पता (पिन कोड सहित)

_____________________________________________________________________________________

_____________________________________________________________________________________

6. पत्राचार का पता (पिन कोड सहित)

_____________________________________________________________________________________

_____________________________________________________________________________________

7. मोबाइल नंबर (यदि कोई हो) __________________________________________________________

8. ई-मेल आई.डी. (यदि कोई हो) __________________________________________________________

9. राष्ट्रीयता ____________________________________________________________________________

10. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएँ (प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

| **परीक्षा** | **बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **अंक प्रतिशत** | **वर्ग / श्रेणी** |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | |
| इंटर | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

11. विशेष योग्यता (यदि कोई हो)(प्रमाण-पत्र संलग्न करें) ____________________________________

12. आरक्षण श्रेणी (यदि लागू हो - यदि हाँ तो प्रमाण पत्र संलगित करे)

कृपया उचित विकल्प चिन्हित करें

a) सामान्य ___________________________

b) EBC ______________________________

c) BC _______________________________

d) अ.जा. ____________________________

e) अ.ज.जा. __________________________

f) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) __________________________

13. लिंग ________________________________________

14. क्या दिव्यांग हैं? हाँ : __________ नहीं : __________

15. क्या वर्तमान में किसी सरकारी संस्थान / निगम में कार्यरत हैं? (हाँ / नहीं)

यदि हाँ, तो अनापत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न करें।

a) विभाग / संस्थान का नाम : ______________________________________________________________

b) धारित पद का नाम : ____________________________________________________________________

c) कब से : ______________________________________________________________________________

**<u>घोषणा-पत्र</u>**

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई विवरणी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रदद की जा सकती है और मुझे परीक्षा में उपस्थिति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अन्तर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक / दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

दिनांक : ________________

स्थान : ________________

आवेदक का हस्ताक्षर : ________________

**प्रवेश-पत्र (ख)**

**न्यायिक अकादमी झारखण्ड, धुर्वा, रांची**

फोटो चिपकाएं

क्रमांक संख्या : __________

(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)

(अभ्यर्थी द्वारा भरा जाएगा)

1. आवेदक का नाम

2. पिता / पति का नाम

3. पत्राचार का पता

4. साक्षात्कार का स्थान / केन्द्र

(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)

5. साक्षात्कार की तिथि

(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)

दिनांक : ________________

निदेशक,
न्यायिक अकादमी झारखण्ड,
धुर्वा, रांची, पिन कोड - 834004